प्रेस विज्ञप्ति

# गो.ब. पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर, जिला–ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

पन्तनगर। 18 अक्टूबर 2023। विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिक महाविद्यालय में जी–20 के वाई–20 (यूथ–20) के 'इंगेज यंग माइंड' गतिविधि के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में अधिष्ठात्री सहित महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्षों, छात्रों, संकाय सदस्यों एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों द्वारा बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया गया। छात्रों एवं कार्मिकों द्वारा रक्तदान हेतु सुबह से शाम तक लाईन लगाकर रक्तदान किया गया। शिविर में 100 यूनिट से अधिक का रक्तदान किया गया।

रक्तदान शिविर का उद्घाटन अधिष्ठात्री प्रौद्योगिक महाविद्यालय डा. अलकनंदा अशोक द्वारा सर्वप्रथम रक्तदान भी किया गया। उद्घाटन के दौरान अपने संबोधन में अधिष्ठात्री द्वारा छात्रों को रक्तदान हेतु प्रोत्साहित करते हुए अवगत कराया गया कि रक्तदान के उपरांत हमारे शरीर में खून बनने की प्रक्रिया में तेजी आती है। हमारे द्वारा किए गए रक्तदान से कई लोगों की जान बचती है। कार्यक्रम के संयोजक डा. अजय, प्राध्यापक, इंडस्ट्रीयल एण्ड प्रौडक्शन इंजीनियरिंग विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि रक्तदान शिविर का आयोजन 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की अवधारणा पर किया गया है, क्योंकि हमारे द्वारा दान किया गया रक्त कहीं भी किसी की भी जान बचा सकता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य एवं छात्र उपस्थित रहे।




**शिविर में रक्तदान करती अधिष्ठात्री प्रौद्योगिक महाविद्यालय डा. अलकनन्दा अशोक एवं अन्य।**

**निदेशक संचार**